आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 16.12.2024

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- उत्तराखण्ड के शीतकालीन पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रयासरत।
- उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम की शीतकालीन यात्रा आज होगी शुरू, खरसाली में तैयारियां जोरों पर।
- पिथौरागढ़ जिले में व्यास घाटी के चीन सीमा से सटे छियालेख और अंतिम पोस्ट नाभीढांग में संचार सेवा शुरू।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को नमन किया।

शीतकालीन पर्यटन स्थल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड के शीतकालीन पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। शीतकाल में तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

शीतकालीन पर्यटन स्थलों– मसूरी, औली, लैंसडाउन, जोशीमठ, धनौल्टी, ऋषिकेश, हरिद्वार, चमोली, चकराता, राजाजी नेशनल पार्क, टिहरी, देवप्रयाग, चंबा और हर्षिल में सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सभी क्षेत्रीय इकाइयों को निर्देशित किया है।

शीतकाल में विद्युत व्यवधानों से बचने के लिए यूपीसीएल ने सभी पर्यटन स्थलों पर कंडक्टर, केबल, पोल और ट्रांसफार्मर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की है। आकस्मिक स्थितियों में न्यूनतम समय में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत लाइनों के आसपास के पेड़ों और टहनियों की समय पर कटाई–छंटाई कराई जा रही है। साथ ही सभी ट्राली ट्रांसफॉर्मर कार्यशील स्थिति में रखे गए हैं, ताकि किसी भी आकस्मिकता का तुरंत समाधान किया जा सके।

इससे न केवल पर्यटकों की सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि रोजगार सृजन और उत्तराखण्ड के पर्यटन क्षेत्र का भी विकास होगा।

शीतकालीन यात्रा

उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम की शीतकालीन यात्रा के लिए खरसाली में तैयारी पूरी कर ली गई है। शीतकाल यात्रा के लिए यमुना जी के शीतकालीन प्रवास खरसाली गांव में मंदिर के साथ शनि महाराज के मंदिर को फूलों और विभिन्न लाइटों से सजाया गया है। आज शाम को ज्योतिर्मठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज खरसाली से शीतकालीन यात्रा के शुभारंभ करेंगे।

विजय दिवस

आज विजय दिवस है। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में ये दिवस मनाया जाता है। युद्ध की समाप्ति के बाद पूर्वी पाकिस्तान एक अलग देश बांग्लादेश बना।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को नमन किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि देश वीरों के बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे बलों के अटूट साहस और देशभक्ति ने यह सुनिश्चित किया है कि देश सुरक्षित रहे।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और अटूट देशभक्ति को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया है। राज्यपाल ने कहा कि विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक इन वीर जवानों के प्रति गर्व और सम्मान की भावना से ओतप्रोत है।

विजय दिवस पर आज देहरादून के साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। देहरादून में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

जाकिर हुसैन

महान तबला वादक जाकिर हुसैन का कल रात अमरीका में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वे रक्तचाप संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। प्रख्यात तबला वादक अल्लाह रक्खा के सबसे बड़े बेटे उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च, 1951 को मुंबई में हुआ था। वे बहुत कम उम्र से ही संगीत की ओर स्वाभाविक रूप से आकर्षित हो गए थे। छह दशकों के करियर में, उन्होंने विश्व स्तर पर पाँच ग्रैमी पुरस्कार जीते, जिनमें से तीन इस साल की शुरुआत में 66वें ग्रैमी पुरस्कार में जीते।

संचार सुविधा

पिथौरागढ़ जिले में व्यास घाटी के चीन सीमा से सटे छियालेख और अंतिम पोस्ट नाभीढांग में संचार सुविधा सुचारु कर दी है। संचार सुविधा सुचारू होने से आगामी आदि कैलाश यात्रा पर आने वाले यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा और आदि कैलाश यात्री और स्थानीय पर्यटक ओम पर्वत के लाइव दर्शन अपने परिजनों को करा सकेंगे। बीएसएनएल के जेटीओ बृजवाल ने बताया कि गाला, पांगला, जयकोट सहित अन्य जगहों पर कुछ दिनों में संचार सुविधा सुचारू हो जाएगी। सीमा में लगे सभी 4 जी मोबाइल टावर वीसेट से संचालित होंगे।

एम्स

ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स ने दूर–दराज के इलाकों में स्वास्थ्य कारणों के चलते आपात स्थिति में फंसे व्यक्ति की मेडिकल रिपोर्ट को देखने के लिए अब वाट्सएप नंबर 90 84 67 03 31 जारी किया है। इससे पूर्व एम्स ने हेली एंबुलेंस सेवा के लिए विगत दिनों टोल फ्री नंबर 18 00 18 04 278 जारी किया था। हेली एअर एंबुलेंस मेडिकल सेवा के नोडल अधिकारी डॉक्टर मधुर उनियाल ने बताया कि राज्य के दूर–दराज के इलाकों में स्वास्थ्य कारणों के चलते आपात स्थिति में फंसे व्यक्ति की मेडिकल रिपोर्ट को देखने या हेली एंबुलेंस के संबंध में जानकारी व अन्य जानकारियां प्राप्त करने के लिए अब वाट्सएप नंबर भी जारी किया है।

समझौता

हरिद्वार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय और मॉडर्न ग्लोबल नर्सिंग इंस्टिट्यूट के बीच एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक समझौता पर हस्ताक्षर हुआ। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच नैदानिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा। इस समझौता का मुख्य उद्देश्य मॉडर्न ग्लोबल नर्सिंग इंस्टिट्यूट के नर्सिंग छात्रों को देव संस्कृति विश्वविद्यालय में नैदानिक अनुभव प्रदान करना है। इसके तहत देव संस्कृति विश्वविद्यालय, मॉडर्न ग्लोबल नर्सिंग इंस्टिट्यूट के छात्रों को एक निर्धारित समयावधि के लिए अपने अस्पतालों में प्रशिक्षण देने का अवसर प्रदान करेगा, जहां उन्हें नर्सिंग सेवाओं का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

डीएम देहरादून

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बसंल ने 15 जनवरी तक सभी बड़े बकायेदारों से शत–प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट में राजस्व वसूली पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह कदम जनता के पैसे की सुरक्षा के लिए उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावी राजस्व नियंत्रण से न केवल सरकारी खजाने में वृद्धि होगी बल्कि आम जनता में भी सुशासन का विश्वास बढ़ेगा।

निवेश

विदेशी निवेशकों ने इस महीने के पहले दो सप्ताह में भारतीय पूंजी बाज़ारों में लगभग 28 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया हैं। आंकड़ों के अनुसार, विदेश पोर्टफोलियो निवेशकों और एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाज़ारों में 22 हजार सात सौ 66 करोड़ रुपए और ऋण बाज़ारों में 4 हजार आठ सौ 14 करोड़ रुपए का निवेश किया हैं। इस साल अब तक एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाज़ारों में एक लाख 20 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया है।

बास्केटबॉल

हैदराबाद में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले 49वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए काशीपुर के अनुज पांडे और अनन्या नेगी का चयन हुआ है। जिला ऊधमसिंह नगर बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल चंद्रा ने बताया कि हरिद्वार में राज्यस्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बाद दोनों का चयन हुआ है।

संक्षिप्त समाचार–

पिथौरागढ़ जिले के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने कनालीछीना विकासखंड में स्थित मुख्यमंत्री के पैतृक गांव टुंडी में विकास कार्यों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने बारमो में निर्माणाधीन हेलीपैड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

कुमाऊ ंभर में पौष मास शुरू होते ही बैठकी होली का दौर शुरू हो गया है। नैनीताल में होल्यारों ने बैठकी होली का आयोजन कर भक्ति रस पर आधारित होली गीत पेश किए। पद्मश्री अनूप साह ने बताया कि बीते कई वर्षों से होली पर पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

चमोली जिले के मैठाणा में आयोजित पांच दिवसीय अलकनंदा पर्यटन सांस्कृतिक ग्रामीण कृषि विकास मेला रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। मेले में क्षेत्रीय सांस्कृतिक धरोहर को उजागर किया।

बंगलूरू में महिला प्रीमियर लीग के लिए हुए मिनी ऑक्शन में प्रदेश की तीन महिला खिलाड़ियों को वूमेन प्रीमियर लीग के लिए खरीदा गया, जबकि पूर्व टेस्ट क्रिकेटर एकता बिष्ट को रिटेन किया गया है। रॉयल चैलेंजर बंगलूरू ने बागेश्वर के सोमाटी गांव की प्रेमा रावत को टीम में स्थान दिया है। वहीं, देहरादून की नंदिनी और टिहरी की राघवी को भी वूमेन प्रीमियर लीग के लिए आरसीबी और दिल्ली कैपिटल ने अपना हिस्सा बनाया है।